भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. +1038

सोमवार, 26 जुलाई, 2021/4 श्रावण, 1943 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

पर्यटन उद्योग के लिए पर्यटन सहायता निधि

+1038. डॉ. प्रीतम गोपीनाथ राव मुंडे:

श्री राहुल रमेश शेवाले:

श्री गिरीश भालचन्द्र बापट:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्र के समक्ष आने वाली समस्याओं और कठिनाईयों से अवगत है;

(ख) यदि हां, तो कोविड-19 महामारी के कारण पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्र को किस हद तक नुकसान हुआ है;

(ग) क्या यह उद्योग वर्ष 2021 में अस्तित्वशील रहने और घाटे से उबरने के लिए सरकारी सहायता की आशा कर रहा है;

(घ) यदि हां, तो केन्द्र सरकार की इस पर क्या प्रतिक्रिया है;

(ड.) क्या फेडरेशन ऑफ होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एफएचआरएआई) ने केन्द्र सरकार से अनुरोध किया है कि जब तक टीका आधारित आत्मविश्वास नहीं आ जाता, तब तक पर्यटन क्षेत्र से जुड़ी कंपनियों को उनकी परिचालन लागतों को पूरा करने और नौकरियां बनाए रखने के लिए एक लक्षित पर्यटन सहायता निधि उपलब्ध कराई जाए; और

(च) यदि हां, तो सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) और (ख): जी, हां । पर्यटन मंत्रालय, पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्र द्वारा सामना किए जा रहे मामलों और कठिनाईयों से अवगत है ।

इस क्षेत्र को हुए नुकसान की मात्रा का आकलन करने के लिए पर्यटन मंत्रालय ने जनवरी, 2021 में राष्ट्रीय अनुप्रयुक्त आर्थिक अनुसंधान परिषद (एनसीएईआर) को "भारत और कोरोना वायरस महामारी: पर्यटन में लगे परिवारों के लिए आर्थिक नुकसान और पुनर्वास हेतु नीतियों" पर अध्ययन करने के लिए नियुक्त किया था । अध्ययन के परिणामों के अनुसार :

(i) 2020-21 के दौरान समग्र आर्थिक मंदी के कारण, पर्यटन अर्थव्यवस्था या मूल्य वर्धित पर्यटन प्रत्यक्ष सकल (टीडीजीवीए) में पहली तिमाही में 42.8 प्रतिशत, दूसरी तिमाही में 15.5 प्रतिशत और तीसरी तिमाही में 1.1 प्रतिशत की गिरावट देखी गई ।

(ii) पर्यटकों के आगमन में महत्वपूर्ण गिरावट और इसलिए पर्यटन व्यय में कमी के कारण, महामारी के दौरान, यह अनुमान लगाया गया है कि टीडीजीवीए 2020-21 की पहली तिमाही में पिछले वर्ष की समान तिमाही में अपने स्तर से 93.3 प्रतिशत तक गिर गया । यह दूसरी तिमाही में 79.5 प्रतिशत और तीसरी तिमाही में 64.3 प्रतिशत की गिरावट दर्ज करने के बाद थोड़ा ऊपर उठा है।

(iii) लॉकडाउन लागू होने के बाद पर्यटन क्षेत्र में बड़ी संख्या में नौकरियां चली गईं । पहली तिमाही के दौरान 14.5 मिलियन नौकरियां, दूसरी तिमाही के दौरान 5.2 मिलियन और तीसरी तिमाही के दौरान 1.8 मिलियन लोगों के रोजगार छूट जाने का अनुमान है, जबकि 2019-20 की महामारी पूर्व अवधि में अनुमानित 34.8 मिलियन नौकरियां (प्रत्यक्ष नौकरियां) थीं ।

(ग) से (च): मंत्रालय कई दौर की चर्चाओं और विचारमंथन सत्रों के माध्यम से उद्योग के हितधारकों के साथ नियमित रूप से सम्पर्क में रहा है और उनके सुझावों की सावधानीपूर्वक जांच की है । द फेडरेशन आफ होटल एण्ड रेस्टोरेंट एसोशिएशन आफ इंडिया (एफएचआरएआई) आतिथ्य क्षेत्र के लिए विशेष रूप से अतिरिक्त धन और प्रोत्साहन पैकेज से संबंधित मामलों को उठा रहा है। इन्हे वित्त मंत्रालय के समक्ष उठाया गया है।

*****